THSTI: वैक्सीन आकलन परियोजना का हिस्सा

प्रिलिम्स के लिये:

महामारी की तैयारी में नवाचारों हेतु गठबंधन (CEPI), ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (THSTI)

मेन्स के लिये:

महामारी से निपटने में वैश्विक सहयोग के रूप में CEPI की भूमिका

चर्चा में क्यों?

महामारी की तैयारी में नवाचारों हेतु गठबंधन (CEPI) एक वैश्विक पहल है, जिसने ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (Translational Health Science and Technology Institute-THSTI), फरीदाबाद को उन छह प्रयोगशालाओं में से एक के रूप चुना है जो COVID-19 वैक्सीन के परीक्षण हेतु उम्मीदवारों का आकलन कर रही हैं।

प्रमुख बिंदु

छह प्रयोगशालाएँ:

- CEPI नेटवर्क प्रारंभ में कनाडा, ब्रिटेन, इटली, नीदरलैंड, बांग्लादेश और भारत में छह प्रयोगशालाओं को शामिल करेगा।
- सभी प्रयोगशालाएँ एक ही अभिकर्मकों (एक रासायनिक प्रतिक्रिया का कारण) का उपयोग करेंगी और टीके के विकास तथा परीक्षण के लिये चयनित उम्मीदवारों की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को मापने के लिये प्रोटोकॉल के एक सामान्य सेट का पालन करेंगी।
- यह टीके की परीक्षण प्रक्रिया में सामंजस्य स्थापित करेगा और विभिन्न टीका परीक्षण हेतु उम्मीदवारों की तुलना करने और सबसे प्रभावी उम्मीदवार के चयन में तेज़ी लाएगा।
- THSTI के लिये अनिवार्य है कि यह वैश्विक मानकों के साथ समानता रखते हुए वैक्सीन विकास के लिये मान्य विश्लेषण प्रदान करेगा।
- बायोसे, एक मानक तैयारी के साथ जीव पर परीक्षण के प्रभाव की तुलना करके किसी पदार्थ (दवा) की सापेक्ष शक्ति का निर्धारण करता है।

महामारी की तैयारी में नवाचारों हेतु गठबंधन (CEPI):

- CEPI भविष्य में महामारी को रोकने के लिये टीके विकसित करने हेतु वर्ष 2017 में शुरू की गई वैश्विक साझेदारी है।
- CEPI की स्थापना नॉर्वे और भारत की सरकारों, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, वेलकम ट्रस्ट और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा दावोस (स्विट्जरलैंड) में की गई थी।
- जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और भारत सरकार 'IndCEPI मिशन' द्वारा महामारी से निपटने हेतु टीके की उपयोगिता पर बल दे रहे हैं।
- इस मिशन के उद्देश्यों को CEPI के साथ जोड़ दिया गया है और इसका उद्देश्य भारत में महामारी जैसे रोगों के लिये टीकों और संबद्ध दक्षताओं/प्रौद्योगिकियों के विकास को मज़बूत करना है।

ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (THSTI):

- यह जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) का एक स्वायत्त संस्थान है।
- यह फरीदाबाद (हरियाणा) में स्थित है।

स्रोत-PIB

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/thsti-part-of-vaccine-assessment-project